


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 174 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | गुरुवार 10 अप्रेल 2025 | मूल्य 2 रुपया







## ना परमिशन और न लाईसेंस...

# नियम कायदों को ताक पर रखकर चल रही बर्फ फैक्टरियां..!

### ठंडा करने वाली दूषित पानी वाली बर्फ खा रहे लोग, नींद में खाद्य एवं औषधि विभाग के कारिंदे

**मंदसौर, 09 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। रतलाम जिले के जावरा में बर्फ फैक्टरी में गैस रिसाव से हड़कंप मच गया। घटना के बाद पता चला कि इस फैक्टरी के पास लाईसेंस और परमीशन भी नहीं थी। मंदसौर की बर्फ फैक्टरियों के भी यही हाल है। जिले भर में करीब एक दर्जन बर्फ फैक्टरियां चल रही है। लेकिन, इक्का-दुक्का अपवाद को छोड़ दे तो सभी नियम कायदे को ताक पर रखकर चल रही है। कागज पानड़े तो ठीक, लोगों के स्वास्थ्य के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है। फैक्टरियों में ऐसा बर्फ बनाया जा रहा हैं जो नियमों के अनुसार खाने के उपयोग के लिए सुरक्षित नहीं हैं। ऐसे बर्फ से स्वास्थ्य को नुकसान हो सकता है। गर्मी में बर्फ की खपत जरूर बढ़ गई है। लेकिन, खाद्य एवं औषधि विभाग के अधिकारियों की सुस्ती उड़ने का नाम नहीं ले रही।**

जिला मुख्यालय सहित जिलेभर में बर्फ फैक्टरियां गैरकानूनी तरीके से चल रही हैं, जिनमें बनने वाला बर्फ लोगों की सेहत के लिए हानिकारक है। शहर में प्रतिदिन सैकड़ों क्विंटल बर्फ सप्लाई इन फैक्ट्रियों से किया जाता है। जिसका सीधा उपयोग खाने में भी लिया जा रहा है। लेकिन सवाल यह उठता है कि प्रशासन को खुले आम हो रही बर्फ की बिक्री दिखाई नहीं दे रही है जो कि लोगों को बीमार भी बना सकती है। शहर सहित जिले में संचालित फैक्ट्रियों की पूरे वर्ष चांदी रहती है। क्योंकि न तो इनका कोई रिकॉर्ड अनुमति में दर्ज है न ही फैक्ट्री से होने वाली आय का कोई भी टैक्स जमा करते हैं।

#### केवल ठंडक के नाम पर बेचा जाता है बर्फ...

शहर में संचालित बर्फ फैक्ट्रियों का बर्फ केवल सड़ने, गलने से बचाने व खाद्य पदार्थों को ठंडा रखने के नाम से बेचा जाता है। लेकिन, इसकी जानकारी उसे खरीदने वाले लोगों के लिए नहीं दी जाती है। जिसका उपयोग छोटे दुकानदार व बर्फ का गोला बेचने वाले लोग खाने के रुप में करते हैं और लोग भी उसे बड़े शौक से खाते हैं। वहीं गर्मी में शहर में संचालित हो रही चुस्की के ठेलों और गन्ने की जूस की दुकानों में भी इसी बर्फ का धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है। किन्तु, लोग यह नहीं जानते हैं कि इस बर्फ का उनके शरीर के लिए क्या नुकसान हो रहा है।

#### हो सकता है इंफेक्शन...

चिकित्सकों के मुताबिक दूषित बर्फ के सेवन से पेट में इंफेक्शन, उल्टी-दस्त, टाइफाइड, पीलिया सहित कई अन्य बीमारियां हो सकती हैं। ठंडे पेय पदार्थों के उपयोग से पहले क्वालिटी की पड़ताल कर लेनी चाहिए।

#### ऐसे बनता है बर्फ...

यदि फेक्ट्री में बर्फ बनते हुए देख लिया जाए तो अधिकांश लोग बर्फ खाना बंद कर देंगे। इसे बेहद गंदे तरीके से बनाया जाता है। जिन सांचों में बर्फ जमता है, वे जंग लगे हुए होते हैं। इसके साथ पानी का उपयोग किया जाता है, वह भी प्रदूषित होता है। जिस प्रकार से बर्फ को निकाला और रखा जाता है, वह भी बेहद गंदा तरीका होता है। फेक्ट्री में बर्फ की शुद्धता पर ध्यान नहीं दिया जाता है।

#### यह है नियम...

2018 के खाद्य सुरक्षा नियमों के अनुसार, खाद्य बर्फ बनाने के लिए खाद्य एवं औषधि विभाग से लाइसेंस लेना अनिवार्य है। बर्फ बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले पानी को शुद्ध करने के लिए आईएसआई मार्क का आरओ वॉटर प्लांट होना चाहिए। इसके अलावा खाद्य बर्फ तय मानकों के आधार पर बनाई जानी चाहिए, ताकि यह सेहत के लिए सुरक्षित रहे। इन सबके बाद वाणिज्यिक बर्फ निर्माता, बर्फ मशीनें और फ्रीजर भंडारण इकाइयां, गोदाम, उत्पादन, और भंडारण स्थान, बैगिंग और अन्य पैकेजिंग उपकरण/आपूर्ति, वितरण के लिए प्रशीतित ट्रक या वैन, व्यापार पंजीकरण, बीमा सहित अन्य कई औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बर्फ फैक्टरी का संचालन किया जा सकता है।



फाईल फोटो

# बर्फ फैक्ट्री में अमोनिया गैस का रिसाव

### जावरा सीएसपी की आंखों में आंसू-जलन, माता-पिता को अस्पताल भिजवाया, बिना लाइसेंस चल रहा था प्लांट

**रतलाम, 09 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जिले के जावरा में मंगलवार रात आंटिया चौराहे पर स्थित पोरवाल आइस फैक्ट्री में एक टैंक से अमोनिया गैस लीकेज होने से हड़कंप मच गया। फैक्ट्री में काम कर रहे श्रमिकों को जब इस बात की जानकारी लगी तो वह डरकर भाग गए। फैक्ट्री के पीछे ही पुलिस लाइन है। जहां जावरा सीएसपी दुर्गेश आर्मो टहल रहे थे, तभी उन्हें इस बारे में पता चला। उनकी आंखों में आंसू आने लगे और जलन होने लगी। सीएसपी के माता-पिता और भाई पर भी इसका असर हुआ। पुलिस व प्रशासन के आला अधिकारियों को सूचना दी गई। जिसके बाद आसपास के इलाकों को खाली कराया गया। इधर, बुधवार को उज्जैन से प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम जावरा पहुंची। जांच में फैक्ट्री मालिक के पास न तो फैक्ट्री संचालन से जुड़े कोई वैध दस्तावेज मिले और न ही प्रदूषण बोर्ड का लाइसेंस पाया गया।

#### टैंक पर पानी का छिड़काव किया...

गैस लीकेज के समय पुलिस कप्तान अमित कुमार जावरा दौरे पर थे। जानकारी मिलते ही वह भी मौके पर पहुंचे। सूचना मिलते ही जावरा एसडीएम त्रिलोचन गौड़, एसडीओपी संदीप मालवीय, थाना प्रभारी जितेंद्र जादौन मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड बुलाई गई। फैक्ट्री में स्थित टैंक पर पानी का छिड़काव किया गया। बताया जा रहा है कि टैंक के वॉल में लीकेज होने से अमोनिया गैस का रिसाव हुआ। समय रहते मालूम पड़ने पर बड़ी घटना होने से बच गई। रात 12.30 बजे तक पुलिस ने फैक्ट्री संचालक और मजदूरों से पूछताछ की। इस दौरान अधिकारी मौके पर मास्क लगाकर मौजूद रहे। एसपी अमित कुमार ने बताया की वॉल लीकेज के कारण अमोनिया गैस लीक हुई है। जावरा सीएसपी, एसडीओपी व प्रशासन की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंच कर स्थिति को कंट्रोल किया। उन्होंने बताया कि कुछ व्यक्ति इफेक्टेड थे, उन्हें मेडिकल ट्रीटमेंट दिया गया है। सीएसपी को गैस लीकेज का आभास होने पर सबसे पहले उन्होंने पुलिस लाइन में 28 से 29 परिवार रहता है, उसे पूरा खाली कराकर अन्य जगह भिजवाया। पुलिस लाइन में सरकारी गाड़ी से एनाउंसमेंट करते हुए खारीवाल मोहल्ला व आसपास के क्षेत्रों में गैस लीकेज होने की सूचना देकर सतर्क रहने और दूसरी जगह जाने को कहा।

#### बिना परमिशन चल रही थी फैक्ट्री, लाइसेंस भी नहीं...

मध्यप्रदेश प्रदूषण बोर्ड उज्जैन की टीम बुधवार सुबह जावरा आइस फैक्ट्री पर पहुंची है। टीम के अधिकारियों ने संचालक से फैक्ट्री से जुड़े दस्तावेज मांगे, लेकिन संचालक कोई वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा पाया। फैक्ट्री को बिना परमिशन के संचालित होना पाया गया है। पॉल्यूशन बोर्ड का भी लाइसेंस नहीं है। टीम में साइंटिस्ट हरिशंकर शर्मा, देवेंद्र सोलंकी और अन्य सदस्यों ने मौके पर पंचनामा बनाया। इसके बाद गैस लीकेज के कारणों की जांच की जाएगी।

## नरवाई जलाते समय हादसा, खेतों में लगी आग

**मंदसौर/नीमच, 09 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर-नीमच में दो स्थानो पर खेतों में आग लग गई। इसमें मंदसौर के दलौदा क्षेत्र में नरवाई जलाते समय हादसा हुआ। वहीं नीमच के कानाखेड़ा में शार्ट सर्किट से एक खेत में लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। दोनों ही जगह काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

नरवाई जलाने के कारण बुधवार को कचनारा के एक खेत में आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि उस पर काबू पाना मुश्किल हो रहा था। सबसे पहले नगरी से फायर फायटर मौके पर पहुंचा। इसके बाद मंदसौर से फायर ब्रिगेड ने पहुंचकर आग को बुझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। बताया जाता है कि नरवाई जलाने के चलते आग लग गई। हवा के कारण आग लगातार फैलती चली गई।

इधर नीमच के कानाखेड़ा गांव में बुधवार दोपहर करीब 1.30 बजे बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट से एक खेत में आग लग गई। तेज हवा के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग ने देखते ही देखते चार किसानों के खेतों को अपनी चपेट में ले लिया। इनमें अशोक नागदा और सालिगराम नागदा के खेत भी शामिल हैं। कुल मिलाकर 40 बीघा क्षेत्र में फैली फसलें और सूखी घास जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। दमकल विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। ग्रामीणों और दमकल कर्मियों के संयुक्त प्रयास से करीब दो घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। हालांकि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन किसानों को पशुओ के सुखले व चारे का नुकसान का सामना करना पड़ा है।









## श्री पिपलेश्वर बालाजी मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव पर तीन दिवसीय आयोजन



**मंदसौर, 09 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** तिलक नगर अभिनंदन नगर स्थित श्री पीपलेश्वर बालाजी/महादेव मंदिर पर हनुमान जयंती के अवसर पर होंगे तीन दिवसीय आयोजन होंगे।

मंदिर समिति के अध्यक्ष चांदमल जैन ने बताया की आगामी 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव है इस अवसर पर मंदिर पर भव्य विद्युत सज्जा की गई है तथा इस पुण्य अवसर पर मंदिर पर तीन दिवसीय आयोजन भी होंगे जिसमे 10 अप्रैल गुरुवार को रात्रि 8 बजे से संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन होगा तथा 11 अप्रैल शुक्रवार को दोपहर 4 बजे से बालाजी महाराज की शोभायात्रा निकाली जाएगी जो अभिनंदन नगर में घूमती हुई पुन: मंदिर पर पहुंचेगी तत्पश्चात महिला मंडल द्वारा भजन कीर्तन किया जाएगा तथा मध्य रात्रि पश्चात बालाजी महाराज का अभिषेक तथा हवन पूजन किया जाएगा तथा 12 अप्रैल शनिवार को प्रात: 6 बजे ढोल बाजे तथा आतिशबाजी के साथ बालाजी महाराज की जन्म आरती की जाएगी तथा प्रसादी का वितरण किया जाएगा तथा शाम 7.30 बजे महाआरती की जावेगी जिसमें सभी भक्तजन उपस्थित होकर पुण्य लाभ लेंगे।



# मंदसौर एवं मल्हारगढ़ विधानसभा में भाजपा के सक्रिय सदस्य सम्मेलन सम्पन्न

**मंदसौर, 09 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने आज मंदसौर जिले की मंदसौर विधानसभा एवं मल्हारगढ़ विधानसभा में विधानसभा के सक्रिय कार्यकर्ताओं का सम्मेलन सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, सांस्कृतिक प्रकोष्ठके प्रदेश संयोजक मदनलाल राठौर के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। जिसमें पूर्व मंत्री कैलाश चावला, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया, राजेन्द्र सुराना, मानसिंह माछौपुरीया, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत, डॉ.सुषमा आर्य, मुकेश काला, मछुआरा प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक बाबूलाल चौहान, भाजपा वरिष्ठ नेता भोपालसिंह सिसोदिया, मनोहर लाल जैन, गोपाल पटवा, निहालचंद मालवीय, पिछडा मोर्चा प्रदेश मंत्री धीरज पाटीदार, कार्यक्रम प्रभारी शिवराज सिंह राणा, सह प्रभारी निर्मला गुप्ता, भाजपा जिला पदाधिकारीगण विजय अठवाल, राजेश नामदेव, राजेश पालीवाल, उमेश (राजु) चावला, राजकुमार गुप्ता, नरेंद्र पाटीदार, राजेश धाकड, भेरूलाल सेन, राकेश पाटीदार, आशीष विजयवर्गीय, राजू राणा, विकास सुराणा, गोपाल पाटीदार, नेपाल सिंह, अरविंद सारस्वत, विनोद डगवार, नपा.अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, जनभागीदारी अध्यक्ष नरेश चंदवानी, नपा.उपाध्यक्ष नम्रता चावला आदि मंच पर उपस्थित थे। सम्मेलन का शुभारंभ पं.दीनदयाल उपाध्याय, डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। तत् पश्चात मंचस्थ अतिथियों का स्वागत जिला पदाधिकारी गणों द्वारा किया गया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा की भारतीय जनता पार्टी अन्य राजनीतिक दलों की तरह मात्र सत्ता पाने के लिए सत्ता में नहीं आना चाहती बल्कि यह एक बड़ा आंदोलन का अंग है जो कि राष्ट्रवाद की विचारधारा से संचालित है। जिसका उद्देश्य भारत का सर्वांगीण विकास और राष्ट्र का पुनर्निर्माण है। हमें उन सभी विचारधाराओं और राजनीतिक शक्तियों विशेषकर कांग्रेस के विरुद्ध एक सशक्त आक्रमक अभियान छेड़ना चाहिए जो भारत राष्ट्र की मूलभूत पहचान हिंदुत्व को नकारते हैं, जिन्होंने अपने क्षुद्र राजनीतिक स्वार्थ के लिए राजनीती को पतित कर दिया। भाजपा विरोध और हिंदू विरोध ही उनके लिए विचारधारा है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने कहा की न्यायालय द्वारा श्रीमती इंदिरा गांधी का चुनाव अवैध घोषित कर दिए जाने के बाद देशव्यापी आंदोलन से डरकर देश पर संविधान की हत्या कर आपातकाल थोप दिया गया। देश की जनता के सभी लोकतांत्रिक अधिकारों को छीन लिया गया। देशभर में जनसंघ के कार्यकर्ताओं को जेल में ठूंस दिया गया। कई कार्यकर्ता भूमिगत होकर आंदोलन का संचालन करते रहे। मध्यप्रदेश में 5000 से अधिक कार्यकर्ता जेलों में बंद थे और आज कांग्रेस संविधान के नाम पर मगरमच्छ के आंसू बहा रही है और उनके नेता संविधान की पुस्तक को बार-बार जेब से निकालकर दिखाते रहते है। सबसे पहले देश उसके बाद दल भारतीय जनता पार्टी का यह मात्र नारा नहीं बल्कि इस भाव को जनसंघ ने अपनाकर देशहित में बनी जनता पार्टी के गठन में अपने आप को समाहित कर दिया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा की अबकी बारी अटल बिहारी अटल बिहारी कमल निशान मांग रहा है हिंदुस्तान जैसे नारे लगाते लगाते कार्यकर्ताओं ने आखिर वह दिन देखा, जब पहली बार 1996 में अटल जी 13 दिन 1998 में 13 महीने और 1999 में तीसरी बार लगभग 5 साल प्रधानमंत्री रह सरकार के रूप में भारतीय जनता पार्टी ने 6 वर्ष के शासनकाल में गौरवशाली उपलब्धियां देश को दी। 2014 में श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने देश में आशातीत सफलता प्राप्त की भारतीय जनता पार्टी ने 283 लोकसभा सीटें प्राप्त करके ना केवल स्पष्ट बहुमत प्राप्त किया बल्कि देश की जनता ने दुनिया को संदेश दिया कि यह परिवर्तन राष्ट्रीय परिवर्तन है अब यह देश तेजी के साथ में बदलने के लिए तैयार है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने कहा की भारतीय जनता पार्टी के लिए भारत माता की जय यह मात्र कोई नारा नहीं है बल्कि यह हमारे कार्य की प्रेरणा है। भारत की जय हो विजय हो। एक वैभवशाली, समृद्धशाली, सक्षम और समर्थ भारत का निर्माण राजनीति के माध्यम से करने के लिए भारतीय जनता पार्टी जुटी है। भारत की राजनीति में आज यह विचार केंद्र बिंदु बन चुका है। भारतीय जनता पार्टी ने एक राजनीतिक दल के तौर पर हो या सरकार में आने पर अपनी भूमिका हो सदैव राष्ट्रीय सुरक्षा अपना पहला कर्तव्य माना है। भारत की सीमाओं की सुरक्षा करना ही नहीं बल्कि हर आक्रमण का प्रतिकार तत्परता से और जोरदार ढंग से किया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मदनलाल राठौर ने कहा की भारतीय जनता पार्टी सांस्कृतिक राष्ट्रीयता में अपनी निष्ठा रखती है। एक दल के रूप में लगातार हमारी प्रतिबद्धता अपनी इस विचारधारा पर अडिग है। लगातार हमारी आस्था के मानदंडों की पुनर्स्थापना, सांस्कृतिक मूल्यों और परंपराओं की स्थापना से भारत में सांस्कृतिक प्रादुर्भाव हो रहा है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को संयुक्त राष्ट्र संघ में मान्यता मिली है। मल्हारगढ़ विधानसभा सम्मेलन में संचालन इन्द्रजीत भट्ट ने किया एंव आभार मंडल अध्यक्ष राजेश धाकड ने माना एंव मंदसौर विधानसभा सम्मेलन का संचालन कार्यक्रम प्रभारी एंव भाजपा जिला उपाध्यक्ष शिवराजसिंह राणा ने किया एंव आभार कार्यक्रम सह प्रभारी एंव महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निर्मला गुप्ता ने माना। उक्त दोनो विधानसभा के सम्मेलन में भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण, मंडल पदाधिकारी एंव कार्यकर्ता गण, नगर परिषद अध्यक्ष एवं पार्षद गण, जिला एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष गण उपाध्यक्ष गण सहित विधानसभा में निवासरत सक्रिय सदस्य गण उपस्थित थे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।

## श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर पर श्री हनुमान जन्मोत्सव मनेगा धूमधाम से

### 3 दिवसीय श्री राम मारुति यज्ञ आज से 12 तक, 12 को महाआरती का आयोजन



**मंदसौर, 09 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मन्दसौर के श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर पर 12 अप्रैल कों हनुमान जयंती पर श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा।

श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर ट्रस्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री हनुमान प्राकट्य उत्सव के तहत 10 अप्रैल से 3 दिवसीय श्री राम मारुति यज्ञ शुरू होंगा। जो प्रतिदिन दोपहर सवा 12 बजे से प्रारम्भ होंगा। यज्ञाचार्य परम पूज्य आचार्य डॉ देवेंद्रजी शास्त्री (धारियाखेड़ी) होंगे। हनुमान जयंती पर प्रात:काल 6 बजे श्री तलाई वाले मंदिर पर बालाजी के दरबार में महाआरती होंगी। मंदिर प्रांगण में आतिशबाजी और ढोल-ढमाकों के साथ श्री हनुमान जन्मोत्सव मनेगा। इस दौरान प्रात: सवा 7 से 11 बजे तक सभी बालाजी भक्त श्री राम मारुति यज्ञ में आहुति दे सकेंगे। तदुपरान्त यज्ञ की पूर्णाहुति होंगी। श्री तलाईवाले बालाजी मंदिर ट्रस्ट के न्यासीगण सर्वश्री धीरेन्द्र त्रिवेदी, दिलीप जोशी, सुशील गुप्ता, धन्नालाल माली, गोपाल गोयल, ओमप्रकाश व्यास, जयप्रकाश सोमानी, महेश कटलाना व अशोक गुप्ता आदि ने समस्त भक्तजनों से समस्त धार्मिक आयोजनों में शामिल होकर धर्मलाभ लेने का आग्रह किया हैं।

## जवासा नाले पर स्वच्छता के लिए किया श्रमदान



**नीमच, 09 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद नीमच की नवांकुर संस्था द्वारा ग्राम जवासा में बुधवार को सेक्टर बैठक कर सेक्टर की प्रस्फुटन समिति और बीएसडब्ल्यूस्थ, एमएसडब्ल्यूंवर छात्र-छात्राओं के साथ जल चौपाल आयोजित की गई। जल चौपाल में जल गंगा संवर्धन अभियान की जानकारी देकर, जल संरक्षण के लिए अपने-अपने क्षेत्र में जल स्त्रोतों की सफाई और गहरीकरण पर चर्चा की गई। इसके उपरांत सभी सदस्यों के साथ एसआईएस सेंटर के पास जवासा नाले में स्वच्छता के लिए श्रमदान किया गया। जिसमें नाले में फैली गंदगी और आसपास की झाड़ियों को करीब एक घंटे के श्रमदान से साफ किया गया। इस दौरान जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक जन अभियान परिषद श्री वीरेंद्र सिंह ठाकुर, श्री राजेंद्र सिंह नीमच, मीनू त्रिपाठी मेंटर, श्री महिपाल सिंह, बीएसडब्ल्यू की , एमएसडब्ल्यूपाल छात्र-छात्राओं और एसआईएस के कैडेट्स ने सामूहिक श्रमदान कर नाले की सफाई की।

**जल संरक्षण का संदेश अब हर दीवार पर**-म.प्र.शासन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्थाओं द्वारा ब्लॉक नीमच, मनासा और जावद में गांव-गांव में जल संरक्षण का संदेश नारों के माध्यम से दीवार लेखन कर दिया जा रहा। इसके तहत ग्राम खेतपालिया, परलई, हरवार, कोठडी इस्तमुरार, जीरन, दुधलई में नारे लेखन किए गए। इन गांवों में जल चौपाल आयोजित कर, जल संरक्षण के लिए आमजन को जागरूक भी किया जा रहा हैं।

## सर्वकष्ट निवारक महासोम यज्ञ अद्भुत और दिव्य स्वरूप में होगा, बैठक सम्पन्न



**मंदसौर, 09 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** आगामी 13 से 18 अप्रेल तक 6 दिवसीय महासोम यज्ञ के विराट आयोजन पर केन्द्रित बड़ी बैठक यज्ञशाला वल्लभाचार्य नगर कालाखेत प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक में आयोजन समिति के संयोजक सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि हमारी सनातन वैदिक परंपरा में सोम यज्ञ का अत्यधिक महत्व है।इस महायज्ञ यज्ञ में वेदी पर बैठकर आहुति देने से अक्षय फल प्राप्त होता है।जीवन के सभी लक्ष्य पूरे होते हैं कष्ट दूर होते हैं। सोम यज्ञ में वेदों की सम्पूर्ण विधि व्यवस्था है। पूज्य आचार्य गण कहते हैं यज्ञशाला में यज्ञ दर्शन और वेदों की ऋचाओं के श्रवण मात्र से जीवन का कल्याण होता है। यज्ञशाला की परिक्रमा करने से जीवन के जाने अनजाने सभी पाप मिट जाते हैं। यज्ञ विधान की विवेचना में कहा गया है कि यज्ञ का धुवां मानव शरीर की सूक्ष्म कोशिकाओं के साथ मन मस्तिष्क पर सकारात्मक प्रभाव डालता है। वैष्णवाचार्य पद्म भूषण पूज्य गोकुलोत्सव जी महाराज ने सोम यज्ञ की महिमा में बताया है कि इससे कालसर्प दोष, पितृ दोष,प्रेत बाधा ये सभी दूर होते हैं।विवाह संबंध में बाधा दूर होती है संतान प्राप्ति होती है।

व्यापार व्यवसाय में चमत्कारिक उन्नति होती है। बैठक में श्री खाटू श्याम मन्दिर ट्रस्ट के अध्यक्ष पं. शिवकरण प्रधान ओर वरिष्ठ समाजसेवी गुरुचरण बग्गा ने भी संबोधित किया। आयोजन समिति के समन्वयक गौरव अग्रवाल ने बैठक में महासोम यज्ञ के स्वरूप पर जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिदिन चार पालियां प्रात: 9 से दोप. 1 बजे तक सायंकाल 4 बजे से 7 बजे होगी। दान या चंदा राशि नहीं ली जा रही है। यज्ञार्थियों से घी और शाकल्य आहूति की देव दृव्य राशि ली जाएगी। यज्ञार्थी एक दिन एक पाली में ही बैठेंगे। दर्शन दीर्घा और परिक्रमा मार्ग भी बनाया जाएगा। पूज्य गोकुलोत्सव जी महाराज श्री के सानिध्य में पूज्य व्रजोत्सव जी महाराज सोमयज्ञ के मुख्य आचार्य होंगे। तेलंगाना से 20 विधिकारक आचार्य आएंगे। बैठक में आयोजन समिति के साथ ही अन्य समितियां के भी प्रभार सौंपे गए। जिनमें पहले गठित समितियों के अलावा अखाड़ा,खेलकूद, पुजारी ,भजन मंडली आदि समितियां भी गठित की गई। बैठक में आयोजन समिति अध्यक्ष प्रहलाद काबरा समाजसेवी नागेश्वर सोनी, पारख समाज के अध्यक्ष महेश पारिख,अरविंद सारस्वत, विनोद डगवार, तथा सर्व श्री विजय सुराणा कृष्ण कुमार बाहेती, उमेश पारिख ,जीतू पारिख, संजय गोठी,प्रदीप भाटी, विक्रम भटनागर, राजेश नामदेव,हेमन्त शर्मा, प्रकाश सिसोदिया, विनय पारिख हेमंत भाई शाह, राजेन्द्र चाष्टा, प्रद्युम्न शर्मा, डॉ.घनश्याम बटवाल डॉ. रविंद्र पांडे देवेंद्र कुमार मरछ्या रूपनारायण जोशी, संजय नीमा,रूप नारायण मोदी, नवीन सगरावत,श्याम सुंदर चौधरी नरेंद्र कुमार त्रिवेदी, बंटी चौहान,अमन फरक्या, पार्षद रमेश ग्वाला, अनिल द्विवेदी, राजेंद्र पोरवाल ज्योति प्रकाश जाजपुरिया, निरॉंत बग्गा, मिलिंद जिलेवर,राजेंद्र पोरवाल, दाऊभाई विजयवर्गीय, गौरव रत्नावत, बंसीलाल राठौर, जीवन गोसर, नवनीत पारिख, आनंद तंवर, हिम्मत डांगी, पुष्पेंद्र भावसार,विजय गेहलोद,अशोक पारिख, सुनील पंचारिया,राजीव शर्मा, ब्रजेश मारोठिया सहित अनेक जन उपस्थित थे। बैठक का संचालन वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी ने किया आभार समिति अध्यक्ष प्रहलाद काबरा ने माना।

# ओखा बावड़ी पर श्रमदान कर पक्षियों के लिये लगाए सकोरे

**नाटाराम/सीतामऊ, 09 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** दु:खीयों के दुख हरने वाले के नाम से प्रसिद्ध ओखा बावजी की बावडी कयामपुर पर आज सामाजिक कार्यकर्ताओ ने एकत्रित होकर सफाई अभियान चलाया। जिसमें मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद की नवांकुर संस्था एवं ग्राम पंचायत कयामपुर के साथ ही समाज का विशेष सहयोग रहा। जिला समन्वयक तृप्ती वैरागी,विकासखण्ड समन्वयक नारायणसिंह निनामा,सरपंच जगदीश माली,परामर्शदाता हेमन्त गोड,हरिओम गंधर्व,दिलीप भटनागर के साथ ही ग्राम कयामपुर एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारियों एवं मुख्यमंत्री सामुदायीक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने श्रमदान कर शासन के जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने की शपथ ली। साथ ही गर्मी में पक्षियों के लिये संकोरे लगाकर प्रत्येक ग्राम में सकोरे लगाने का सकल्प लिया। नवांकुर संस्थाओं द्वारा पोधारोपण कर आने वाले समय में पोधे लगाने का स्थान चयनित किया गया।



मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था नाटाराम प्रगतिशील विकास समिति एवं जनजागरण विकास समिति कयामपुर के सहयोग से उपरोक्त कार्यक्रम आयोजीत किये गये। मप्रजअप सेक्टर बैठक का आयोजन पंचमुखी बालाजी मंदिर कयामपुर में किया गया। जिसमें जिला समन्वयक तृप्ती वैरागी ने कहा की शासन द्वारा 30 मार्च से 30 जुन 2025 तक जलगंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसमे हमें अधिक से अधिक जलस्त्रोतो की साफ-सफाई एवं गहरीकरण का कार्य जनसहयोग से करना है। साथ आने वाले समय में पोधारोपण हेतु स्थान का चयन कर पोधे हेतु गडडे खोदना है। विकासखण्ड समन्वयक नारायणसिंह निनामा ने कहा की बहते हुए पानी को रोकने हेतु हमें आगे आना होगा। परामर्शदाता हरिओम गंधर्व ने कहा की शासन की योजनाओं को प्रचार-प्रसार के साथ ही सामाजिक कार्यो में जनअभियान परिषद की ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों विशेष कार्य कर रही है। परामर्शदाता हेमन्त गोड ने कहा की शासन की योजनाएं समाज के सहयोग से ही सफल होगी। बैठक के पश्चात पक्षीयों के लिये सकोरे लगाएं गये। बैठक के पश्चात सहभोज कर सामाजिक सहयोग से निर्मित गौशाला कयामपुर का भी भ्रमण किया गया। इसके पश्चात नवांकुर संस्था नाटाराम प्रगतिशील विकास समिति द्वारा वर्षा में 201 पोधे जनसहयोग से लगाने का स्थान भी जिला समन्वयक एवं विकासखण्ड समन्वयक द्वारा देखा गया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक तृप्ती वैरागी,विकासखण्ड समन्वयक नारायणसिंह निनामा,सरपंच जगदीश माली,जनपद सदस्य संजय मण्डलोई, आंचलिक पत्रकार संघ के जिलाअध्यक्ष तुलसीराम राठौर,परामर्शदाता हेमन्त गोड,हरिओम गंधर्व,दिलीप भटनागर, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष भगतराम राठौर,कैलाश गुर्जर, प्रहलादसिह,बापुसिह,मानसिहं , दशरथ नायक मंदसौर,राजमल प्रजापति मंदसौर,दयाराम कुशवाह कयामपुर, हेमन्त भावसार,विनय शर्मा, सत्यनारायण प्रजापति,मुकेश निनामा, विदेश पाटीदार,अशोक गंधर्व, विष्णुनाथ राठौर नाटाराम, कारूलाल कुशवाह, दिलीपकुमार धाकड,जगदीश धाकड, जगदीश माली,रविन्द्र गुप्ता कयामपुर,मांगीलाल बोलिया,दिलीप जैन,जगदीशचद्र मांदलिया,शंकरलाल राठौर नाटाराम एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र भारत कुशवाह, राकेशनाथ राठौर, राहुल धनगर, भगतराम मालवीय,रविकांत शर्मा, जितेन्द्र प्रजापत पायाखेडी,निलु राठौर, गैदा गायरी,निकीता राठौर, निशा, कंकु, धारणा गंधर्व,ज्योती धाकड,नईम पठान कार्यक्रम का शुभारम बालाजी को माला पहनाकर एवं ओखाबावजी को माला पहनाकर किया गया। सफल संचालन नवांकुर संस्था के कार्यक्रम समन्वयक हरिओम गंधर्व ने किया। अंत में आभार नवांकुर संस्था अध्यक्ष दिलीप भटनागर ने किया।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 10 मई को

**नीमच, 09 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जिला मुख्यालय नीमच तथा तहसील मुख्यालय मनासा, जावद एवं रामपुरा न्यायालय परिसर में माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2025 की दूसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन 10 मई, 2025, शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री वीरेन्द्र सिंह राजपुत के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इस नेशनल लोक अदालत में नीमच, मनासा, जावद एवं रामपुरा के न्यायालयों में विचाराधीन समझौता योग्य समस्त दाण्डिक, सिविल, विविध, मोटर दुर्घटना दावा, विद्युत अधिनियम, नगरपालिका, नगर पंचायतों, श्रम, बैंक, इत्यादि के प्रकरणों का निराकरण आपसी सुलह और समझौते द्वारा किया जायेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीमच की सचिव सुश्री शोभना मीणा ने पक्षकारों से आग्रह किया है, कि उपरोक्त श्रेणी के समझौता योग्य प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से कराने के लिए अपने अभिभाषकों से सम्पर्क करें व सम्बन्धित कार्यालयों में सहमति प्रस्तुत करें।

## महिला को पीटा, भतीजे पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 09 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मकान में हिस्सा पाती को लेकर मारपीट करने वाले भतीजे पर पुलिस ने केस दर्ज किया। नाहरगढ़ नई आबादी निवासी मालती शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मकान में बंटवारे के विवाद में भतीजे अभिषेक पिता सुधीरदत्त शर्मा ने गाली-गलौज कर मारपीट की। पुलिसने अभिषेक पर केस दर्ज किया।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार मां-बेटे घायल

**पिपलियामंडी, 09 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** रेलवे ओवरब्रिज पर ट्रक की टक्कर से बाइक सवार मां-बेटे घायल हो गए। जानकारी के अनुसार बुधवार रात्रि 8 बजे करीब बाइक (एमपी 14 एमटी 1327) पर सवार होकर जा रहे पिपलियापंथ निवासी चेतन पिता मुकेश डाबी को ट्रक (एमपी 09 एचएच 5211) ने टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार चेतन व पीछे बेठी उसकी मां पारसबाई घायल हो गए। दोनों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया। दोनों को निजी अस्पताल में उपचार के बाद रेफर कर दिया। दुर्घटना के बाद ब्रिज पर जाम लग गया। दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। पुलिस पहुंची व जाम खुलवाया।

## सरिए की मुंह पर मारी, प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 09 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मछली निकालने की बात पर पीटा, पुलिस ने केस दर्ज किया। संजीत मगरा निवासी राजू पिता मोहम्मद मेवाती ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मुझे गांव में सुरेश गायरी की चाय की दुकान पर बंटी पिता अब्दुल मिला और बोला कि तू बहुत मछलियां निकाल रहा है, गाली-गलौज कर सरिये से मूह पर मारी, जिससे चोंट आई। पुलिस ने बंटी पर केस दर्ज किया।



## देवी अहिल्याबाई होल्कर व्याख्यान सम्पन्न

**मनासा, 09 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद मनासा विकासखंड की नवांकुर संस्था मनासा केशव आदर्श सामाजिक संस्था द्वारा लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी समारोह व्याख्यान का आयोजन मनासा में सेवा भारती द्वारा संचालित लोकमाता देवी अहिल्याबाई कौशल विकास केंद्र पर किया गया,, जिसमें समिति अध्यक्ष अनिल सोनी की उपस्थिति में वक्ता के रूप में जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक महेंद्रपाल सिंह भाटी ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर प्रकाश डाला,, वक्ता ने बताया कि कैसे देवी अहिल्याबाई ने महिला उत्थान के लिए क्या कार्य किए और उन्होंने महिलाओं के सम्मान के लिए कितना संघर्ष किया,, देवी अहिल्याबाई ने अपने जीवनकाल में कितने ही शिव मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया,, व्याख्यान में समिति कोषाध्यक्ष जगपाल फरक्या, सचिव चंद्रशेखर नागदा, सेवा भारती संयोजक उत्तम कसेरा, संस्था प्रतिनिधि धीरज राठौर, मेंटर प्रहलाद धनगर, कौशल केंद्र संचालिका, छात्राएं और मातृशक्ति उपस्थित रही।




## जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल चौपाल का आयोजन

**मनासा, 09 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मप्र शासन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च से 30 जून 2025 तक चलाया जा रहा है। जिस के तहत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ब्लॉक मनासा की नवांकुर संस्था मनासा केशव आदर्श सामाजिक संस्था द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिला समन्वयक वीरेंद्र सिंह ठाकुर एवं ब्लॉक समन्वयक महेंद्रपाल सिंह भाटी के मार्गदर्शन में ग्राम भदाना में जल चौपाल का आयोजन किया गया,, जिसमें कार्यक्रम समन्वयक धीरज राठौर ने उपस्थित ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं जल संवर्धन का महत्व बताते हुए शासन द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान की जानकारी देते हुए जल बचाने का संदेश दिया।

# बद्रीलाल धाकड़ ने लहसुन की नई किस्म धमनार क्रांति तैयार की

**मंदसौर, 09 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर जिले के गांव धमनार के रहने वाले बद्रीलाल धाकड द्वारा लहसुन की नई उभरती हुई वैरायटी तैयार की है। इस लहसुन का नाम किसान द्वारा धमनार क्रांति रखा है। किसान बद्रीलाल धाकड द्वारा बताया गया कि यह वैरायटी दूसरी किस्म की लहसुन से कम खर्च पर उगाई जा सकती है। इसका ज्यादा उत्पादन होता है। इस लहसुन को ज्यादा समय के लिए भंडारण कर सकते है। यह लहसनु 165 से 175 दिन में लगभग तैयार हो जाती है। यह एक बीघा में लगभग 25 से 30 क्रिंटल की लहसुन उत्पादन होती है। इसमें 50 से 75 हजार रू का खर्चा हो जाता है।



जिले में सबसे ज्यादा लहसुन कि खेती मंदसौर जिले में कि जाती है और किसान नए-नए प्रयोग भी करते है मंदसौर जिला कृषि के क्षैत्र में जो क्रांति ला रहा है। वह बहुत अद्भुद है। उटी लहसुन की एक किस्म आती है जिसका बीज किसान प्रत्येक वर्ष खरीदना पडता है और इसे 6 महिने से ज्यादा स्टोरेज नही कर सकते। इसलिए किसान उटी लहसुन के बीज को दोबारा अपने खेत में नहीं लगा सकता है। फिर नया बीज लेना ही पडता है। इसका समाधान किसान बद्रीलाल ने करके दिखाया है। किसान बद्रीलाल ने शासन की योजनाएं ड्रिप पाइप मल्चिंग का भी लाभ प्राप्त किया और अनुदान भी प्राप्त किया। किसान बद्रीलाल नें वैज्ञानिकों के मार्ग दर्शन में हिमाचल की वैरायटी को 3 सालों के सघन शोध के बाद में एक क्रॉस बीज तैयार किया है। इसकी कैपेसिटी इतनी है कि जिन खेतों में लहसुन होना बंद हो गई है वहाँ पर भी ईसका उत्पादन हो जाता है। इस लहसनु की मुल विशेषता यह है कि इसकी गठान भी लगभग 50 से 75 ग्राम की होती है। दुसरी विशेषता यह है कि इसका पर्दा बहुत ज्यादा है और आज मार्केट में पर्दे कि बडी वैल्यु है। इसके 10-12 पर्दे रहते है जिससे लहसुन खराब नही होती ओर इसमे ज्यादा सफेदपन है और भारीपन भी ज्यादा है। यह 12 से 18 महिने तक खराब भी नही होती है यह सारे गुण इस फसल में है। इस फसल को लेकर किसान अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं किसान लंबी अवधि तक अपने पास रख सकता है। किसानों की सारी समस्याओं का समाधान इस फसल में मिल जाता है। 5 महीने तक फसल खेत में खड़ी रहती है और अच्छे से मेहनत की जाए तो उत्पादन भी 20 से 30 क्रिंटल तक हो जाता है। मल्चिंग से किसानों को खेती करने से फायदा होता है। फसल में बीमारियों की रोकथाम होती है। काली मस्सी, गोरी मस्सी बीमारी नहीं होती और फंगस नहीं आती है, खरपतवार भी नहीं निकलती है। छोटे जानवर इसमें नहीं आते है पौधों में नाइट्रोजन की जरूरत होती है। मल्चिंग से पौधों को नाइट्रोजन नहीं देना पडता कम पानी में भी ज्यादा फसल होती है।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 99 | 2100 | 2700 |
| उडद | 134 | 6000 | 7200 |
| सोयाबीन | 5800 | 3800 | 4700 |
| गैहु | 2739 | 2810 | 3260 |
| चना | 110 | 4800 | 6700 |
| मसुर | 145 | 5796 | 6121 |
| धनिया | 265 | 5126 | 6700 |
| लहसुन | 10150 | 15000 | 31000 |
| मैथी | 770 | 4901 | 5981 |
| मुंगफली | 2200 | 3500 | 5600 |
| अलसी | 16740 | 5601 | 6121 |
| सरसो | 448 | 5640 | 5885 |
| तारामीरा | 2 | 5000 | 5000 |
| इसबगोल | 68 | 10800 | 12400 |
| प्याज | 1666 | 1100 | 4210 |
| कलोंजी | 15 | 16000 | 18781 |
| तुलसी बीज | 17 | 13152 | 21900 |
| डॉलर | 56 | 9000 | 10800 |
| तिल्ली | 43 | 10001 | 12701 |
| जौ | 20 | 2540 | 2610 |
| मटरसुखी | 4 | 6200 | 7601 |
| असालीया | 71 | 10101 | 13300 |
| मूंग | 5 | 5300 | 6000 |

# अहमदाबाद सम्मेलन में स्लीपर सेलों को पहचान चुके तो खदेड़ना कब शुरू करेंगे राहुल..!

**मंदसौर/उज्जैन, 09 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** अहमदाबाद में कांग्रेस के 1700 योद्धाओं के सम्मेलन में खड़गे, राहुल सहित अनेक बड़े नेता शामिल हुए थे। कांग्रेस को पुनर्जीवित करने का अच्छा प्रयास किया जा रहा है। इसलिए राहुल, खड़गे ने यह स्वीकारा कि हमें हमारे अंदर के स्लीपर सेलों को खदेड़ना पड़ेगा। सभी पदाधिकारियों के सामने सीधा खदेड़ने की बात कहना मतलब कांग्रेस में समाए स्लीपर सेलों की पहचान हो चुकी है। जब पहचान हो ही चुकी है तो स्लीपर सेलो को खदेड़ने के दृश्य भी सार्वजनिक होना ही चाहिए। ताकि कांग्रेस का समर्पित कार्यकर्ता फिर से सड़कों पर उतरकर कांग्रेस की विचारधारा के लिए सक्रिय हो जाए। क्योंकि, अभी तक कांग्रेस के समर्थित जन आधार वाले कार्यकर्ताओं को बीते दो दशक से स्लीपर सेलों के कारण हाशिए पर धकेला जाता रहा है।



चन्द्रमोहन भगत

जब कांग्रेस के वर्तमान डबल इंजन राहुल और खड़गे ने यह सार्वजनिक स्वीकार लिया है कि अब नई कांग्रेस समर्पित कार्यकर्ताओं की बनाएंगे, जिसका नेतृत्व क्षेत्रीय स्तर के जमीनी नेताओं के हाथों में रहेगा। इसके पहले 03 अप्रैल को 700 जिला अध्यक्षों को दिल्ली बुलाया गया था। कुछ को बोलने का मौका दिया गया था। इनमें भी स्लीपर सेल नजर आए थे। भीलवाड़ा के जिला अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी का विद्रोही भाषण बहुचर्चित हुआ, समझदारों द्वारा सराहा भी गया था। त्रिपाठी का कहना था कि जिला अध्यक्ष को अपनी ही जिला कार्यकारणी बनाने का अधिकार नहीं होता है। राज्य के मुख्यालय से छत्रप नेताओं की पसंद को पदाधिकारी बना दिया जाता है। यहां तक कि हमारे फोन भी राज्य संगठन के क्षत्रप नेता नहीं उठाते हैं। जिला अध्यक्षों की आहूत की हुई बैठकों में छत्रप नेता बुलाने के बाद भी नहीं आते हैं।

अक्षय त्रिपाठी का स्पष्ट और अस्तित्वगत भाषण को खुद कांग्रेसियों ने खूब वायरल किया। प्रभावित होकर इसी लेखक की तरह अनेक कांग्रेसियों ने जब अक्षय त्रिपाठी को मोबाइल नंबर 941863 100 तलाश कर बधाई और हिम्मत पर शाबाशी देने के लिए अनेक कॉल किए तो घंटी बजती रही, पर एक बार भी उठाया नहीं गया। अन्य स्रोतों से तलाशा गया तो जवाब मिला कि पहले से ही आदत है फोन ना उठाने की तो इन्हें भी स्लीपर सेल माने या समर्पित और सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ता ! तय करना भी दुविधा जनक पहेली हो गया है। कथनी और करनी का उदाहरण बन गए भीलवाड़ा के जिला कांग्रेस अध्यक्ष। सिर्फ यही नहीं 08 अप्रैल को केंद्रीय कार्य समिति की बैठक में भी ऐसे समय जब खड़गे, राहुल अति सक्रिय होकर कांग्रेस पुनरुत्थान के लिए भीड़ गए हैं। तब भी सभी आमंत्रित 293 सदस्यों में से 35 सदस्य नदारद रहे, इनमें प्रियंका गांधी भी शामिल थी। अगर इस तरह के स्लीपर सेल कांग्रेस में जमे हुए हैं तो राहुल खड़गे की डबल इंजन टीम इन्हें कांग्रेस से खदेड़ पाएंगे!

# उज्जैन के तारामंडल में डेढ़ करोड़ रुपये से बनेगी डिजिटल गैलरी

**आकाशीय पिंड, अंतरिक्ष यान, उपग्रहों के मॉडल रखे जाएंगे**

**उज्जैन, 09 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** खगोल विज्ञान में युवाओं की रुचि बढ़ाने को लेकर उज्जैन की वसंत विहार कालोनी में बने तारामंडल में अब डेढ़ करोड़ रुपये खर्च कर सरकार डिजिटल गैलरी बनाने जा रही है। ऐसी गैलरी जो व्यापक और आकर्षक अंतरिक्ष अन्वेषण केंद्र के रूप में आगंतुकों को प्रेरित और शिक्षित करेगी। गैलरी में आकाशीय पिंड, अंतरिक्ष यान, उपग्रहों और राकेटों के छोटे आकार के भौतिक माडल भी अवलोकनार्थ रखे जाएंगे। एलइडी स्क्रीन, प्रोजेक्टर, होलोग्राफिक डिस्प्ले और एआर/वीआर सिस्टम के माध्यम से विज्ञान आधारित कहानियां दिखाने, सुनाने की व्यवस्था होगी।



गैलरी तैयार करने को उज्जैन स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने निविदा जारी की है। 23 अप्रैल बीड जमा करने की अंतिम तारीख है। मालूम हो कि सालभर पहले ही उज्जैन स्मार्ट सिटी ने तारा मंडल को आठ करोड़ रुपये खर्च कर थ्रीडी प्रोजेक्शन थियेटर के रूप में अपग्रेड किया था। ये काम भी कंपनी ने अपने हर प्रोजेक्ट की तरह समय सीमा गुजरने के महीनों बाद पूरा किया था। ऐसा किए जाने से तारामंडल पूरे 25 महीने बंद रहा था। बहरहाल यहां थ्रीडी फोर के रिजोल्यूशन टेक्नोलाजी आधारित मशीन के माध्यम से अंतरीक्ष की सैर कराने का वास्तविक एहसास कराने की सशुल्क व्यवस्था हैं।

### शो की भाषा अंग्रेजी...

तारा मंडल में दिखाए जाने वाले शो की भाषा अंग्रेजी है। सूर्य ग्रहण और चंद्र ग्रहण सहित तारे-नक्षत्रो की स्थिति भी तारामंडल में फिलहाल देखने को नहीं मिल रही। क्योंकि, इसका वीडियो उपलब्ध नहीं है। मुख्य रूप से शो में सन् 1961 में अंतरिक्ष पर पड़े इंसान के पहले कदम और 1977 में अंतरिक्ष उड़ान की महत्वपूर्ण घटना (स्पेस शहट आर्बिटर का रोल आउट, वोयाजर) के थ्रीडी वीडियो दिखाए जाने का बंदोबस्त है। नजारे खूबसूरत है, जिन्हें 120 डिग्री झुकती कुर्सी पर बैठ देख सकेंगे। एक शो की दर्शक क्षमता 81 है। प्रवेश पहले आओ, पहले पाओ की नीति पर दिए जाने की बात कही गई है।

### यह भी जानिए...

मध्यप्रदेश की सरकार ने वर्ष 2013 में पांच करोड़ रुपये खर्च कर बसंत विहार कालोनी में हाईब्रिड टेक्नोलाजी बेस्ड तारामंडल बनवाया था। इसका लोकार्पण 12 जून 2013 को भूतपूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम और तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने किया था।

प्रचार-प्रसार ठीक से न होने से तारा मंडल अधिकांश दिनों में खाली ही रहता। यानि कम ही दर्शक मिलते, जिससे मेंटेनेंस खर्च निकालना भी मुश्किल हो रहा था। साल 2020 में मेपकास्ट ने तारा मंडल को थ्रीडी फोर-के रिजुलेशन प्रोजेक्शन थियेटर के रूप में अपग्रेड कराने का प्रस्ताव तैयार किया था, जो 2024 में क्रियान्वित हुआ।

## विजयवर्गीय समाज मनासा की कार्यकारिणी घोषित

**मनासा, 09 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** विजयवर्गीय (वैश्य)समाज मनासा के निर्विरोध नव निर्वाचित अध्यक्ष रविंद्र (दामु) विजयवर्गीय ने अपनी कार्यकारणी की घोषणा की हे जिसमें उपाध्यक्ष नरेंद्र रामस्वरुप विजयवर्गीय, अरविन्द घनश्याम विजयवर्गीय, रामधन भगतराम विजयवर्गीय व डॉ अजय कैलाशजी विजयवर्गीय। सचिव पद की जिम्मेदारी विजय श्रवणकुमार विजयवर्गीय को सौंपी हे।सहसचिव पद पर गोविन्द सुरेश विजयवर्गीय व राजेश गोवर्धनलाल विजयवर्गीय लिए गए है। कोषाध्यक्ष पद का कार्य राजेश महेश विजयवर्गीय को सोपा गया है। नवीन कार्यकारणी में सदस्य में श्याम विजयवर्गीय, प्रदीप विजयवर्गीय (मेडिकल) महेश विजयवर्गीय, संजय विजयवर्गीय, श्याम विजयवर्गीय को मनोनीत किया गया है। विशेष आमंत्रित सदस्यों में पूर्व अध्यक्ष गोपाल विजयवर्गीय (डांगडी वाला), सुरेश विजयवर्गीय व राकेश विजयवर्गीय लिए गए है। समाज की नवीन कार्यकारणी के सदस्यों के चयन पर समाज जनों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# सांसद गुप्ता के प्रयासों से स्पेशल ट्रेन की सौगात

**गर्मियों की छुट्टियों में होगा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का संचालन**

**मंदसौर, 09 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** सांसद सुधीर गुप्ता के प्रयासों से मंदसौर और नीमच वासियों को रेलवे की एक ओर सौगात मिली। गर्मियों की छुट्टियों में साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का संचालन रेलवे द्वारा किया जा रहा है। जिसकी सुविधा मंदसौर और नीमच के यात्रियों को मिलेगा। रेलवे प्रशासन ने विशेष पहल करते हुए काचीगुड़ा से हिसार और हिसार से काचीगुड़ा के बीच साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का संचालन करने का फैसला लिया है।यह ट्रेन 6 राज्यों को जोड़ते हुए चलेगी।

सांसद गुप्ता ने बताया कि यह साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन गर्मी की छुट्टियों के दौरान चलाई जा रही है, जिससे खासकर उन यात्रियों को सुविधा मिलेगी जो अपने गृहनगर या पर्यटन स्थलों की ओर यात्रा करना चाहते हैं। गाड़ी संख्या 07717 काचीगुड़ा-हिसार साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 17 अप्रैल से 26 जून तक कुल 11 ट्रिप के लिए चलाई जाएगी। यह ट्रेन हर गुरुवार को काचीगुड़ा स्टेशन से शाम 4 बजे रवाना होकर शनिवार को दोपहर 2रू05 बजे हिसार पहुंचेगी। वहीं, वापसी में गाड़ी संख्या 07718 हिसार-काचीगुड़ा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 20 अप्रैल से 29 जून तक (कुल 11 ट्रिप) चलाई जाएगी, जो हर रविवार रात 11.15 बजे हिसार से रवाना होकर मंगलवार रात 10 बजे काचीगुड़ा पहुंचेगी।



**मंदसौर और नीमच में होगा ठहराव**-रेलवे प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 07717 (काचीगुड़ा से हिसार की ओर) मंदसौर रेलवे स्टेशन पर रात 10.46 बजे पहुंचेगी और नीमच 11.29 मिनिट पर पहुंचेगी। वहीं गाड़ी संख्या 07718 (हिसार से काचीगुड़ा की ओर) दोपहर 2 बजे नीमच और दोपहर 2.40 मिनिट पर मंदसौर पहुंचेगी, और 2 मिनट के ठहराव के बाद रवाना होगी। इस साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा को व्यापक रूप से यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में मलकाजगिरी, मडचेल, कामारेड्डी, निज़ामाबाद, बसर, धर्माबाद, मुदखेड, नांदेड, पूर्णा, बसमत, हिंगोली, वाशिम, अकोला, शेहगांव, मलकापुर, भुसावल, जलगांव, नंदुरबार, उधना, वडोदरा, रतलाम, मंदसौर, नीमच, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, बिजयनगर, नसीराबाद, अजमेर, किशनगढ़, फुलेरा, रींगस, सीकर, नवलगढ़, झुंझुनूं, चिड़ावा, लोहारू और सादुलपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस स्पेशल ट्रेन में कुल 22 डिब्बे होंगे। रेलवे द्वारा कोच की संख्या और रूट चयन इस प्रकार से किया गया है जिससे अलग-अलग राज्यों के यात्रियों को इस एक ही ट्रेन से यात्रा करने का अवसर प्राप्त हो। यह रेलसेवा दक्षिण भारत (तेलंगाना) से लेकर हरियाणा के उत्तर-पश्चिमी भागों को जोड़ती है। इसके मार्ग में महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात और राजस्थान जैसे बड़े राज्यों के प्रमुख शहर और कस्बे भी शामिल हैं।

**यात्रियों के लिए लाभ**-गर्मियों की छुट्टियों के दौरान यात्रियों को खास ट्रेनों की सबसे ज्यादा जरूरत होती है, क्योंकि इस समय स्कूलों और कॉलेजों में छुट्टियां होने के कारण लोग अपने परिवार के साथ यात्रा पर निकलते हैं। साथ ही, यह समय पर्यटकों के लिए भी ज्यादा सक्रिय होता है।

# डोडाचूरा तस्कर को 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं अर्थदण्ड

**मंदसौर, 09 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** अतिरिक्त विशेष न्यासयाधीश महोदय, (एन.डी.पी.एस.) मंदसौर द्वारा आरोपी मंगलसिंह पिता उदयसिंह, उम्र 30 वर्ष, व्यवसाय खेती, निवासी- ग्राम भांगी पिपलिया, थाना नारायणगढ़, जिला-मंदसौर को अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा की तस्क री करने के अपराध में दोषी पाते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1 लाख रूपये जुर्माने से दण्डित किया।

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी दीपक जमरा द्वारा घटना के संबंध में बताया कि थाना नाहरगढ़ पर पदस्थ उपनिरीक्षक लाखनसिंह द्वारा दिनांक 07.07.2016 को हमराही साथी उपनिरीक्षक कमलसिंह मण्डलोई, आरक्षक राजपालसिंह एवं आरक्षक सुरजपाल वाहन चैंकिंग के दौरान शिवना नदी के पास ग्राम बिल्लौद रोड़ पर वाहन चेकिंग करते बिल्लोद तरफ से आ रही नीले रंग की मारूती वैन ओमनी-ई एम.पी.09-बीए- 2631 को रोका, जिसमें बैठे व्यक्ति पुलिस के स्टॉपर को गिरा कर भागने का प्रयास करने लगे जिसको हमराह फोर्स की मदद से पकड़ा उसके बाद मारूती वेन में बोरे पड़े होने से संदेह हुआ व मारूती वैन में बैठे व्यक्तियों से उनका नाम पता पुछा तो ड्रायवर सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम मंगलसिंह पिता उदयसिंह सौंधिया उम्र 20 वर्ष निवासी भागी पिपलीया थाना नारायणगढ जिला मंदसौर का होना बताया, तत्पश्चात मौके पर मंगलसिंह सौंधिया के कब्जे वाली मारूती वेन ओमनी को चेक करने पर उसमें 02 सप्तरंगी नीले हरे, लाल, केसरिया काले. फिरोजी रंग के खडी लाईनिंग वाले बोरे भरे पाये गये जिनके मुह सुतली से बंधे थे, बोरों का मुंह खोलकर देखा तो उसमें कट्टों में मोटा पिसा पदार्थ मादक पदार्थ डोडाचूरा भरा होना पाया, पुछताछ करते संदेहीयों ने वाहन में डोडाचूरा होना तथा उक्त डोडाचूरा परिवहन करने के सम्बंध में लायसेंस नहीं होना बताया। मादक पदार्थ डोडाचूरा का वजन करने पर दोनों कटटो में कुल 85 किलोग्राम होना पाया गया, उक्त अभियुक्त को गिरफतार किया जाकर थाना वापसी पर अपराध क्रमांक 284/2016 पर धारा 8/15 एन.डी.पी.एस.एक्ट की कायमी की गई। समस्त आवश्यक अनुसंधान पश्चात् अपराध प्रमाणित पाये जाने पर यह अभियोग-पत्र सक्षम विशेष न्यायालय में जाँच/विचारण हेतु प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान प्रकरण में न्यायालय के समक्ष अभियोजन द्वारा रखे गये तथ्यों एवं तर्कों र्से सहमत होकर माननीय न्यायालय द्वारा आरोपीगण को दोषसिद्ध किया। प्रकरण में अभियोजन का सफल संचालन विशेष लोक अभियोजक श्री दीपक जमरा द्वारा किया गया।

**** उठावना ****

अत्यंत दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि स्व.श्री पन्नालालजी दया के सुपौत्र व स्व. देवीलालजी दया के सुपुत्र, निपुर्ण के पूज्य पिताजी, अरुण व कन्हैयालाल दया (मधुवन) के भतीजे, नवीन, संतोष एवं यश के बड़े भाई श्री दीपक जी दया का दु:खद निधन दिनांक 09 अप्रेल 2025, बुधवार को हो गया हैं। उठावना दिनाँक 11 अप्रेल 2025, शुक्रवार को प्रात: 11 बजे श्री चारभुजानाथ घाणावार तेली समाज धर्मशाला, नयापुरा रोड, मन्दसौर पर रखा गया है।



*** शोकाकुल ***

समस्त दया परिवार

मधुवन बेकरी, मन्दसौर

# युवक ने जहर खाया, मौत

**नीमच, 09 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जिले के जावद में एक 35 वर्षीय युवक ने जहर खा लिया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गौरव नाम के युवक ने टोकना माता मंदिर के पास दोपहर में जहर खा लिया। उसकी एक छह महीने की बेटी है। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे ज्ञानोदय अस्पताल ले गए। रात करीब 12 बजे उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा के अनुसार, सुसाइड की सूचना मिलने पर मामला दर्ज कर लिया गया है। परिजनों से पूछताछ के बाद ही आत्महत्या के कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## प्रदेश के विद्यालयों में अवकाश अवधि घोषित

**मंदसौर, 09 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** स्कूल शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र वर्ष 2025-26 के लिये समस्त विद्यालयों में शिक्षकों और छात्रों के लिये अवकाश अवधि घोषित की है। इस संबंध आज स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश जारी किये है। ग्रीष्मकालीन अवकाश 1 मई से 15 जून 2025 तक अवकाश विद्यार्थियों के लिये, 1 मई से 31 मई 2025 तक अवकाश शिक्षकों के लिये, दशहरा अवकाश 1 अक्टूबर से 3 अक्टूबर 2025 तक अवकाश विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिये, दीपावली अवकाश 18 अक्टूबर से 23 अक्टूबर 2025 तकअवकाशविद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिये, शीतकालीन अवकाश31 दिसम्बर 2025 से 4 जनवरी 2026 तक अवकाश विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिये होगा।

# लूटपाट करने वाले आरोपियों को न्यायालय ने सुनाई सजा

**मंदसौर, 09 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** बलात्कार के झूठे आरोप में फसाने की धमकी देकर लूटपाट करने वाले आरोपियों को सात साल का सश्रम कारावास एवं जुर्माना से अपर जिला सत्र न्यायाधीश श्री मुनेन्द्र सिंह वर्मा द्वारा दण्डित किया गया।

अपर लोक अभियोजक भगवतीलाल शर्मा द्वारा बताया गया कि मामला वर्ष 2020 का होकर फरियादी नंदकिशोर ने पुलिस थाना मल्हारगढ़ जिला मंदसौर पर इस आशय की मौखिक रिपोर्ट की कि वह एलआईसी एजेंट का काम करता है दिनांक 10.11.2020 को उसके मोबाइल पर एक महिला का कॉल आया, जिसने उसे एल.आई.सी की पॉलिसी लेने के लिये मल्हारगढ़ बुलाया, तब वह दिनांक 17.11.2020 को दिन में करीब दो बजे उसकी मोटरसाईकल से मल्हारगढ़ आया जहां फोन करने वाली महिला मिली एवं उससे अन्यन्त्र चलने के लिये कहा, वह उस महिला को बिठाकर थोडा आगे नीमच रोड पर गया तो उस महिला ने आगे जंगल में चलने का कहा। उसने जंगल मे जाने से मना कर दिया तभी दो मोटरसाइकिल पर दो औरते दो आदमी आकर उसका रास्ता रोककर कहने लगे की हमारी पायल को बिगाड रहा है। उक्त सभी एक दुसरे को ममता कुशालीबाई, भय्यू व श्यामलाल नाम से बोल रहे थे। इन लोगों ने उसकी जेब से मोबाइल, पर्स, व उसमें रखे तीन हजार रूपये, आधार कार्ड, एलआईसी आईडी छिन लिये एवं उसके खिलाफ बलात्कार की रिपोर्ट लिखवाने का कहने लगे तभी उसका परिचित कारूलाल गोस्वामी आया जिसने आकर रिपोर्ट लिखाने से मना कर आपस में समझने को कहा तो चारो लोगो ने तीन लाख रूपये की मांग की। उसने इन लोगों को डर के मारे पचास हजार रूपये देने का कहा तो उसे मोटरसाइकिल से मनासा ले गए जहां उसने हरलाल से पचास हजार रूपये मंगवाकर आरोपीगण को दिये और आरोपीगण रूपये लेकर चले गए। इस रिपोर्ट पर से पुलिस थाना मल्हारगढ़ पर आरोपीगण के विरूद्ध अपराध क्रमांक 242/2020 पंजीबद्ध किया गया आरोपीगण को गिरफ्तार किया गया एवं आवश्यक विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया है। अभियोजन पक्ष की और से न्यायालय में कुल 12 साक्षियों के कथन कराये गये है, एवं 25 दस्तावेज प्रमाणित कराये गये अभियोजन पक्ष के तर्कों र्से सहमत होते हुवे माननीय न्यायालय द्वारा आरोपीगण श्यामलाल उर्फ समरथ पिता गंगाराम मोगिया नि ग्राम सावन, गुलाम हैदर उर्फ भय्यु पिता अब्दुला अजीज शेष नि. ग्राम बादरीपुरा (रामपुरा), नाथीबाई उर्फ सुगन पुखईया पति गुलाम हैदर निवासी भारखेडी, कुशालीबाई पति श्यामलाल मोगिया नि. सावन, ममताबाई पति कारूलाल उर्फ करण गोस्वामी निवासी गोपालपुरा, पायल पति पवन राजपुत निवासी नरसिंहपुरा मंदसौर को 7 वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक- एक हजार रूपये से दण्डित किया गया। मामले में सफल पैरवी, लोक अभियोजक तेजपालसिंह शक्तावत एवं अपरलोक अभियोजक भगवतीलाल शर्मा एवं भगवानसिंह चौहान द्वारा की गई।

## रास्ते में पीटा, केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 09 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया। बांसखेड़ी निवासी मुरलीदास पिता किशनदास बैरागी ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि कुए से आ रहा था, इसी दौरान रास्ते में पुरुषोत्तम दास मिला, गाली-गलौज की व मारपीट करने लगा। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज किया।

**** नाम परिवर्तन सूचना ****

**मै तन्वी पारेख पिता विनय जे.पारेख निवासी डी/3 सुंदरम विहार मन्दसौर की निवासी है। मेरे पैन कार्ड , आधार कार्ड में मेरा नाम तन्वी पारेख पिता विनय जे. पारेख नाम दर्ज है।किंतु मेरी कक्षा 10 वी की अंक सूची में तन्वी वी.पारेख नाम दर्ज है। आज से मैंने अपना नाम परिवर्तन कर तन्वी पारेख पिता विनय जे. पारेख रख लिया है। अत: मुझे भविष्य मे नए नाम तन्वी पारेख पिता विनय जे. पारेख के नाम से जाना व पहचाना जाए।**

**तन्वी पारेख पिता विनय जे. पारेख**

डी/3 सुंदरम विहार मन्दसौर




स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in